संख्या-695/44-1-2011-77/2009

प्रेषक,

हरिराज किशोर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रशासनिक
विभागों के प्रमुख सचिव/ सचिव ।

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 02 जून 2011

विषय :- सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के साथ संलग्न तालिका में समयमान वेतनमान रु0 5500-9000 को सम्मिलित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के साथ संलग्न तालिका में 1.1.1996 से लागू वेतनमानों में रु0 5000-8000 के वेतनमान से अगला वेतनमान रु0 6375-9000 इंगित है। परन्तु समयमान वेतनमान के अन्तर्गत देय वेतनमान रु0 5500-9000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन तालिका में अंकित नहीं है। अतः समयमान वेतनमान के अन्तर्गत अगले वेतनमान के रुप में देय वेतनमान रु0 5500-9000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड-2 रु0 9300-34800 एवं ग्रेंड वेतन रु0 4200 अनुमन्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

2. उपर्युक्त शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के अनुलग्नक-1 में वेतनमानों की तालिका में उपर्युक्त वेतनमान रु0 5500-9000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन 4200 को जोड़ दिया गया समझा जायेगा । इस सीमा तक शासनादेश, दिनांक 16 अक्टूबर,2009 को संशोधित समझा जायेगा तथा शेष शर्ते यथावत लागू रहेंगी ।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- वे0आ0-2- 520/दस-2011, दिनांक 24 मई, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है ।

भवदीय,

(हरिराज किशोर)
प्रमुख सचिव ।

पृ0सं0- 695 (1)/44-1-2011-77/2009 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रबन्ध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी ।
2. निदेशक,सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो,जवाहर भवन,लखनऊ ।
3. सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-2/आडिट प्रकोष्ठ वाणिज्यिक, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. संयुक्त निदेशक,सार्वजनिक उधम व्यूरो को वेबसाइट पर डालने हेतु/प्रबन्ध पत्रिका के प्रकाशनार्थ।
5. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) द्वितीय, उ0प्र0,लखनऊ।
6. निदेशक,सूचना एवं जनसम्पर्क ,उ0प्र0,लखनऊ।
7. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(सी0पी0 सिंह)
उप सचिव।